28.03.25

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

कार्यालय आदेश

का०आ०सं० :– 2/अ०प्र०–1–111/2022(खण्ड) 163 /पटना, दिनांक :–28-3-25

श्री महेश मोची, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध कार्य प्रमंडल, बक्सर अंतर्गत Mahadah to Panditpur via Ganchi (BR08P2R01) पथ में अनियमितता के संदर्भ में अधीक्षण अभियंता–सह–राज्य गुणवत्ता समन्वयक से प्राप्त स्थल जॉच प्रतिवेदन के आधार पर पथ में Cement concrete pavement 100m लम्बाई में क्षतिग्रस्त होने, Parapet Cracked पाये जाने एवं पथ को Overall Grading Unsatisfactory (असंतोषजनक) प्रदान किये जाने के आरोपों पर विभागीय कार्यालय आदेश सं0–45–सह–पठित ज्ञापांक 1267 अनु0 दिनांक 24.05.2023 द्वारा मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. मुख्य अभियंता–1–सह संचालन पदाधिकारी के पत्रांक 101 अनु0 दिनांक 15.01.2025 के माध्यम से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन में श्री मोची के विरूद्ध गठित आरोप में वर्णित पथांश एवं Parapet में Cracke को वर्तमान में ठीक करा लिये जाने एवं सुधारोपरान्त SQM द्वारा दिनांक 27.01.2023 को पथ की जॉच में जॉच प्रतिफल संतोषप्रद प्रतिवेदित किये जाने के आधार पर सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया।

3. मुख्य अभियंता–1–सह संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन में आरोप को अप्रमाणित पाये जाने के आलोक में श्री मोची को प्रश्नगत आरोपों से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः श्री महेश मोची, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर सम्प्रति सेवानिवृत को प्रश्नगत आरोपों से मुक्त किया जाता है।

27/03/2025

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 2/अ०प्र०–1–111/2022(खण्ड) 3564 /पटना, दिनांक :– 28-3-25

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के निजी सहायक/मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर/प्रशाखा पदाधिकारी–4, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/विभागीय आई0टी0 मैनेजर/श्री महेश मोची, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर सम्प्रति सेवानिवृत, पत्राचार का पता–ग्राम–छोटी बलिया, मसूरचक, लखमिनियाँ, जिला–बेगूसराय, बिहार, पिनकोड–851211 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/03/2025

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव